# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–07 नवम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। उन्होंने 'वंदेमातरम वन फिफ्टी डॉट इन' पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

**वंदे मातरम का मूल भाव है। भारत मां भारती भारत की शाश्वत संकल्पना वह संकल्पना जिसने मानवता के प्रथम पहर से खुद को गढना शुरू कर दिया जिसने युगों–युगों को एक–एक अध्याय के रूप में पढ़ा शून्य से शिखर तक उनकी यात्रा और शिखर से पुनः शून्य में उनका विलय भारत ने यह सब कुछ देखा है।**

**********

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के सभी जिलों में विविध आयोजन किए गये। विभिन्न स्थानों पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। मुख्य आयोजन लखनऊ के लोक भवन में हुआ। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ राष्ट्रगीत गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम भारत की भक्ति और शक्ति की सामूहिक तथा शाश्वत अभिव्यक्ति का स्वरूप है। यह गीत भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन का अमर मंत्र था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी पहुंच गये हैं। वह बनारस रेल इंजन कारखाना परिसर स्थित अतिथिगृह में रात्रि विश्राम करेंगे। श्री मोदी कल सुबह बनारस–खजुराहो, लखनऊ–सहारनपुर सहित चार वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर रेल एवं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री कल बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा वह लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस रूट पर सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और मौजूदा समय में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। यह वंदे भारत एक्सप्रेस देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थानों जैसे वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। वहीं, लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। इस ट्रेन से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को फायदा पहुंचेगा। मनीष सिंह के साथ प्रेम चन्द्र गुप्ता, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।**

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने प्रत्येक मतदाता से बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ द्वारा दिये गये गणना फॉर्म को ध्यान से पढ़ने, भरने और दस्तखत के साथ बीएलओ को वापस करने को कहा है।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने बाइस सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव शुरू किया था, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दरो में कमी से देशभर के नागरिकों को लाभ हुआ है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के तहत टैक्स कटौती से पर्यटन क्षेत्र को काफी राहत मिली है। सात हजार पांच सौ रूपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटलों में ठहरने पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे आवास अधिक सुलभ हो गए हैं। करों की दर में इस कमी से मध्यम वर्ग और बजट यात्रियों के लिए होटल सस्ते हो गए हैं तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए भारत के प्रति आकर्षण को बढ़ावा मिल रहा है। होटल और होम स्टे में भी निवेश प्रोत्साहित हुआ है, रोजगार सृजन हुआ है, और स्थानीय बुनियादी ढांचों में सुधार आ रहा है। दूसरी ओर, दस से अधिक व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाले बसों पर भी टैक्स घटाकर अठारह प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे सार्वजनिक परिवहन लागत में कमी आई है। रिशू जायसवाल के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में कल सुबह हल्के से लेकर मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार तेरह नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही आगामी चौबीस घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस के मामूली गिरावट का भी पूर्वानुमान है।

**********